BIJENDRA PUBLIC SCHOOL

Class - 5

Subject : HINDI COURSE BOOK

पाठ – 13 चने के खेत

1. शब्दार्थ :–

अधिकांश	–	बड़ा भाग
समस्या	–	परेशानी
किस्म	–	प्रकार
त्याग	–	कुरबानी
आदी	–	आदत होना
तत्काल	–	शीघ्र
शांत भाव से	–	बिना क्रोध से
प्रभावित होना	–	असर पड़ना

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. अकबर ने अपने पुत्र को क्या जीतने के लिए भेजा?

उत्तर अकबर ने अपने पुत्र को राजस्थान जीतने के लिए भेजा।

ख. सैनिकों की बात से वृद्ध क्या समझ गए?

उत्तर सैनिकों की बात से वृद्ध समझ गए कि सैनिक खेत उजाड़ने आए हैं।

ग. सैनिकों के दल को कहाँ–कौन मिला?

उत्तर सैनिकों के दल को झोपड़ी में एक वृद्ध मिला।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. सलीम कौन था? और उसने कहाँ पर डेरा डाला था?

उत्तर सलीम मुगल बादशाह अकबर का बेटा था और उसने राजस्थान के एक इलाके में डेरा डाला था।

ख. सलीम ने सैनिकों को क्या आदेश दिया?

उत्तर सलीम ने सैनिकों को आदेश दिया, "जाओ, चने के किसी अच्छे खेत की तलाश कर हरे चने लाओ और घोड़ों को खिलाओ।"

ग. सैनिकों को वृद्ध पर गुस्सा क्यों आया?

उत्तर सैनिकों को वृद्ध पर गुस्सा आया क्योंकि वृद्ध व्यक्ति उन्हें कई खेतों से निकालते हुए काफी दूर ले आया था।

घ. जब सैनिकों ने पूछा कि हमें इतनी दूर क्यों लेकर आया? तब वृद्ध व्यक्ति ने क्या कहा?

उत्तर तब वृद्ध व्यक्ति ने कहा, "रास्ते में जो खेत थे, वे मेरे गाँव वालों के थे। यह खेत मेरा है। आप इसमें से चने ले जा सकते हैं। दूसरों के खेतों को उजड़वाकर अपना खेत बचाने का काम एक सच्चा राजपूत नहीं कर सकता।"

ङ सैनिक बिना चने लिए ही क्यों लौट गए?

उत्तर सैनिक बूढ़े की त्याग की भावना से बहुत अधिक प्रभावित हुए इसलिए वे बिना चने लिए ही लौट गए।

4. मूल्यपरक प्रश्न :–

प्रश्न अगर आप वृद्ध व्यक्ति की जगह होते तो आप क्या करते?

उत्तर अगर मैं वृद्ध व्यक्ति की जगह पर होता / होती तो उन्हीं की तरह त्याग की भावना का परिचय देता / देती क्योंकि त्याग ही सबसे बड़ा बलिदान होता है।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. अकबर के पुत्र का क्या नाम था?

रहीम	✓ सलीम	कबीर

ख. सलीम ने सैनिकों को क्या लाने की आज्ञा दी?

✓ हरे चने	ताजी सब्जियाँ	पानी

ग. वृद्ध कहाँ रहता था?

महल में	कुटिया में	✓ झोपड़ी में

घ. राजपूत कौन था?

सलीम	✓ वृद्ध	सैनिक

6. किसने, किससे कहा, लिखिए –

		किसने कहा	किससे कहा
क.	"हम सलीम के सैनिक हैं।"	सैनिकों ने	वृद्ध व्यक्ति से
ख.	"इस खेत के चने अच्छे नहीं हैं।"	वृद्ध व्यक्ति ने	सैनिकों से
ग.	"कई अच्छे खेत निकल गए।"	सैनिकों ने	वृद्ध व्यक्ति से

7. सही कथन के आगे सत्य तथा गलत कथन के आगे असत्य लिखिए –

क.	घोड़े ताजी घास खाने के आदी थे।	सत्य
ख.	वृद्ध ने सैनिकों के साथ जाने के लिए मना कर दिया।	असत्य
ग.	वृद्ध समझ गया कि सैनिक खेत उजाड़ने आए हैं।	सत्य
घ.	सैनिक चने लेकर चले गए।	असत्य